20 DEC - janj Bhoomi PG-1_Layout 1 12/20/2023 10:22 PM Page 1


हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 21 दिसंबर 2023

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती


**तापमान**

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 09. 0 डिग्री

4

कलेक्टर ने फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



## खबर संक्षेप

### सक्ती में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए जमा हो रहे आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी से दिसम्बर 2023 के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय पर 29 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें।

### मिशन शक्ति : विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### कुरियारी में होगा एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 25 को

**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुरियारी के गुड़ीपारा में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को रखा गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में कुरियारी के अलावा गोंधना, तुस्मा, कटौद, खैरताल, नवागढ़ सहित आसपास के कबड्डी खिलाड़ी बड़ी संख्या में शामिल होते है। इस बीच प्रतियोगिता देखने के लिए लोगों की भीड़ भी उमड़ती है। कबड्डी के सभी मैच मैट पर खेला जाएगा। वहीं प्रतिभागी टीम के लिए प्रवेश शुल्क 300 रुपए रखा गया है तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों का वजन 50 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। विजेता टीमों को क्रमशः प्रथम इनाम 5001 पुरस्कार, द्वितीय इनाम 3001 पुरस्कार, तृतीय ईनाम 2001 पुरस्कार एवं चतुर्थ इनाम 1501 पुरस्कार दिया जाएगा। समिति द्वारा तैयारी में जुटे हुए है।



### अब तक 23 हजार कृषकों से हुई करीब एक लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

# डेढ़ महीने बाद भी धान बेचने नहीं पहुंचे 97 हजार से अधिक किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी को डेढ़ महीने से अधिक हो गए। निर्धारित तिथि के अनुसार खरीदी के लिए अब गिनती के 40 दिन बचे है। इस हिसाब से देखा जाए तो जिले में पंजीकृत 97 हजार से अधिक किसान धान बेचने नही पहुंचे है। अभी तक 23 हजार किसानों से करीब 1 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। जबकि लक्ष्य के अनुरूप जिले में 55 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी होनी है।

गौरतलब है कि बीते नवंबर महीने के 1 तारीख को राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की गई है। इसके तहत जांजगीर चांपा जिले में 129 उपार्जन केंद्र एवं 101 सेवा सहकारी समिति के माध्यम से धान खरीदी हो रही है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जिले में 99 हजार 89 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वही 56 हजार 447 मेट्रिक टन धान का उठाव समितियां से पूरा कर लिया गया है। जबकि केन्द्रों में अभी 42 हजार 642 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जाना बाकी है। देखा जाए तो जिले में जिस हिसाब से धान की खरीदी होनी चाहिए, उस हिसाब से अब तक खरीदी नहीं हो पाई है। पिछले साल जहां 20 दिसंबर तक की स्थिति में तय लक्ष्य के अनुसार लगभग आधे से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी थी लेकिन इस साल बम मुश्किल 10 से 15 फ़ीसदी तक धान की खरीदी हो पाई है। करीब 10 दिन पहले जहां मौसम परिवर्तन के चलते धान की खरीदी सप्ताह भर से अधिक प्रभावित हुई वहीं दूसरी ओर मौसम साफ होने के बाद उपार्जन केन्द्रों में धान का आवन टोकन कटवाने एकाएक किसानों की संख्या बढ़ गई, जिसके चलते आवक टोकन कटवाने के बाद भी किसानों को धान बेचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जांजगीर चांपा जिले में इस साल 55 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसके मुताबिक महज 10 से 15 फ़ीसदी तक ही धान की खरीदी हो पाई है। जांजगीर चांपा जिले के 23739 किसानों ने धान बेचा है। वही इस साल धान बेचने 1 लाख 21 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से कराया है। जिनमें से महज 23739 किसान ही धान बेच पाए हैं जबकि अभी 97 हजार से अधिक किसान धान बेचने नहीं पहुंचे है। वहीं धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी शासन द्वारा निर्धारित की गई है। ऐसे में देखा जाए तो जिस हिसाब से जांजगीर चांपा जिले में दिसंबर महीने से धान की खरीदी शुरू हो पाई है, उसके हिसाब से 31 जनवरी तक की स्थिति में 55 लाख क्विंटल धान की खरीदी किया जाना किसी चुनौती से कम नहीं है।



खरीदी केन्द्रों में पड़ा धान।

**की जा रही धान की खरीदी**

जिले में 99 हजार 89 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें से 56 हजार 447 मीट्रिक टन धान का उठाव समितियां से पूरा कर लिया गया है। 42 हजार 642 क्विंटल धान का उठाव समितियां से पूरा करना है। 97 हजार किसान अभी तक नहीं पहुंचे है। हालांकि अभी पर्याप्त समय है।

-गजेंद्र सिंह राठौर, डीएमओ, जांजगीर चांपा

# ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक चालक की मौके पर दर्दनाक मौत

## डभरा के कॉलेज मोड़ पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। घटना में चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना डभरा के कॉलेज मोड़ के पास की है।

इस संबंध में डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को सुबह 9 बजे के करीब ठाकुरपाली निवासी मनोहर चौहान उम्र 38 वर्ष अपने निजी काम से घोघरी की ओर जा रहा था। इस दौरान पीछे से अनियंत्रित ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएल 9235 ने उसे अपने चपेट में लिया। जिससे मनोहर चौहान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि जिस वक्त हादसा हुआ उस समय मनोहर हेलमेट पहने हुए था लेकिन ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और मामले की सूचना डभरा पुलिस को दी गई। उक्त घटना स्थल में लगातार दुर्घटना हो रही है। उक्त स्थल से ही डभरा के सभी शैक्षणिक संस्थान कॉलेज, आई.टी.आई.आत्मानन्द स्कूल और 4 होस्टल है। जहां लगातार विद्यार्थियों का आना जाना लगा रहता है। नगरवासियों द्वारा पूर्व में कई बार उच्चधिकारियों को स्कूल समय में भारी वाहनों को बन्द करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन किसी भी जवाबदार व्यक्ति द्वारा गंभीरता नही दिखाया जा रहा है। विदित हो कि उसी स्थान से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेक्टर रेत भर कर निकलते है हजारों की संख्या में भीमकाय ट्रक, ट्रेलर और हाइवा पर होते है। लगातार हो रहे दुर्घटना से डभरा वासी सकते में हैं शासन प्रशासन ने समय पर दुर्घटनाओं को अंकुश लगाने का ठोस पहल नही किया तो नगरवासियों द्वारा कठोर कदम उठाया जा सकता है। नगर पंचायत डभरा में अनेकों जगह निर्माण कार्य चल रहा है और ठेकेदारों के द्वारा जगह जगह मुख्य सड़क पर रेत गिट्टी गिरा पड़ा हुआ है। जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है।





सडक पर पड़ा युवक का शव तथा दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

# कियोस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर 20 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- बम्हनीडीह पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठी का है।

इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हीराराम केवट निवासी सोठी ने 16 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि निर्मल चंद्रा अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताते हुए अपने साथी के साथ मिलकर किओस्क बैंक आईडी दिलाने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 10 हजार एवं नगद 10 हजार सहित कुल 20 हजार ले लिए और आईडी नहीं दिलाने पर आरोपी निर्मल चंद्रा के संबंध में पता करने पर पता चला की आरोपी बैंक का कर्मचारी नहीं है। आरोपी प्रार्थी के अन्य साथियो से भी आईडी दिलाने के नाम पर पैसा लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 420,34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी निर्मल चंद्रा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 17 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा जा चुका है। प्रकरण आरोपी रेहान चंद्रा निवासी अरसिया थाना जैजैपुर फरार था। जिसकी बम्हनीडीह पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी जिसे मुखबिर सूचना पर से उसके सकुनत से घेराबंदी कर पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने साथी निर्मल चंद्रा के साथ प्रार्थी एवम अन्य व्यक्तियों से ठगी करना बताए जाने तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 19. दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी बम्हनीडीह, सउनि बीरेंद्र सिंह, संतोष बंजारे एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### उज्ज्वला के लाभार्थियों का हो रहा ई केवाईसी

**गोधना।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के महावीर भारत गैस एजेंसी में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों का ई केवाईसी शांतिपूर्ण ढंग से किया जा रहा है। जहां लाभार्थियों को गैस कार्ड के साथ आधार कार्ड अनिवार्यरूप से दिखाना है तथा ई केवाईसी हेतु थंब इंप्रेशन हितग्राही का लिया जा रहा है। एक दिन में तकरीबन 400 से 500 लाभार्थियों का ई केवाईसी का काम किया जा रहा है। ई केवाईसी का काम सुबह 9 से दोपहर 3 के बीच किया जा रहा है। वहीं 1:30 से 2 बजे तक लंच ब्रेक का समय निर्धारित है। पात्र लाभार्थी निर्धारित समय में पहुंचकर अपना ई केवाईसी करा सकते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा गैस कनेक्शन के लिए ईवाईसी जरूरी हो गया है। जिसके कारण गैस एजेंसियों में भीड़ लग रही है।

# पंच परमेश्वरों का विश्वास नहीं जीत पाई बुंदेला सरपंच, गई कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत बुंदेला के सरपंच को अपनी कुर्सी से हाथ धोना पड़ा। सरपंच के खाते में महज 3 वोट और प्रस्ताव के पक्ष में 15 वोट पड़े

**खास बात**

- 15-3 के अंतर से पारित हुआ अविश्वास प्रस्ताव

जबकि एक वोट निरस्त हो गया। इस तरह अविश्वास प्रस्ताव में सरपंच के खिलाफ एक तरफा मत पड़ने से उसकी कुर्सी चली गई।

गौरतलब है कि ग्राम के शासकीय प्राथमिक शाला में बुधवार 20 दिसंबर को सम्मिलन की कार्रवाई शुरू की गई। ग्राम पंचायत बुंदेला के सरपंच क्रांति देवी रोहिदास के खिलाफ पंचों ने भ्रष्टाचार वित्तीय अनियमितता समेत कई अन्य आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लगाया था। प्रस्ताव की सूचना पर पामगढ़ एसडीएम आर के तंबोली ने बुधवार 20 दिसंबर को सम्मिलन बुलाया और इसके लिए पामगढ़ तहसीलदार प्रियंका बंजारा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया। बुधवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम के शासकीय प्राथमिक शाला में पीठासीन अधिकारी ने सम्मिलन की कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले सभी पंचों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस दौरान सरपंच सहित 20 पंच उपस्थित थे। सरपंच के खिलाफ पहले अविश्वास प्रस्ताव पढ़ा गया, फिर उसे अपने पक्ष में बोलने का मौका दिया गया। इसके बाद मतदान हुआ। इसमें सरपंच और 20 पंचों ने मतदान किया फिर वोटो की गिनती हुई तो अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 15 वोट विपक्ष में तीन वोट पड़े। जबकि एक वोट निरस्त हो गया। इस तरह अविश्वास प्रस्ताव में सरपंच के खिलाफ एक तरफा मत पड़ने से उसकी कुर्सी चली गई। पीठासीन अधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की घोषणा की। इस दौरान पीठासीन अधिकारी प्रियंका बंजारा, पंचायत इंस्पेक्टर पी. एस पटेल, ग्राम के पंचायत सचिव मनोज बंजारे सहित कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।



अविश्वास प्रस्ताव के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि।

# मुख्य मार्ग में वाहन खड़ा करना पड़ा महंगा, 13 चालकों के खिलाफ की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बीच रोड में खड़े वाहनों से बढ़ते हुए दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाकर 13 वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

- जिले के सारागांव, बम्हनीडीह, बिर्रा, मुलमुला, जांजगीर थानों से की गई जब्ती



थाना में खडी जब्त वाहन।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शत्रुहन गोस्वामी उम्र 48 साल निवासी सहडिमा मथुरापुर, मनोज सिंह उम्र 50 साल निवासी पावर हाऊस भिलाई छावनी जिला दुर्ग, सुखदेव साहू उम्र 53 साल निवासी भदरा थाना पामगढ़, रामकुमार निवासी लिटियापारा थाना दीपका, युसुफ अंसारी निवासी गुर्दी थाना गढ़वा, मनीष तिवारी निवासी लौने करही थाना रामपुर, जज कुमार कौशिक उम्र निवासी नवाडीह झाबड़ी थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार, ओमप्रकाश यादव पकरिया झुलन थाना पामगढ़, श्रीकांत बर्मन निवासी तेलसरा थाना चकरभाठा, रूपेन्द्र कुमार वर्मा डोंगरा थाना लवन, विरेन्द्र पाठक निवासी कटरा, सुरेश कुमार दीवान निवासी गुरूनानक कालोनी टाटीबंद रायपुर, दीपनारायण निर्मलकर के खिलाफ धारा 283 भादवि के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया जाकर वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसे न्यायालय पेश किया जावेगा।

### खनिज विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की जांच

# रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, पकड़ी दर्जन भर गाडियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन कार्य में लगे दर्जन भर से अधिक वाहनों की जब्ती बनाई गई है। साथ ही गौण खनिज अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में बुधवार 20 दिसंबर को खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी उत्तम प्रसाद खूंटे, प्रभारी खनिज निरीक्षक, सहायक दल प्रभारी पी.डी. जाडे एवं टीम द्वारा चॉपा, जॉजगीर, अकलतरा, पामगढ, शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनीडीह एवं पीथमपुर क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले वाहनो का औचक जॉच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 5 प्रकरण में 5 हाईवा, खनिज पत्थर के 3 प्रकरण में 3 हाईवा, खनिज मिट्टी के 1 प्रकरण के तहत 1 हाईवा एवं खनिज कोयला के 3 प्रकरण के तहत 3 हाईवा व ट्रक दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले 12 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा खनिज नियमो के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच किया जा रहा है।

अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। मंगलवार 19 दिसंबर को भी खनिज विभाग के उड़नदस्ता टीम द्वारा जांजगीर जिले के विभिन्न रेत घाटों का औचक निरीक्षण किया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। जिसके चलते अवैध रूप में लगे रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।





वाहनों पर कार्रवाई करती टीम।

# सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वाले 9 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ढाबा व सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने व पिलाने का साधन उपलब्ध कराने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर 9 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार राठौर ढ़ाबा सिवनी मोड सिवनी, देशी ढाबा मेन रोड सिवनी, आनन्द ढाबा अफरीद, चिन्टु ढाबा तिलई, सम्राट ढाबा बनारी, के.के. ढाबा कोरबा रोड सिवनी, कश्यप होटल नवापारा में शराब पीते पायें जाने पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही की गई। जिसमें राजेन्द्र कुमार कश्यप उम्र 20 साल निवासी चोरभठी थाना नवागढ़, हीरालाल बरेठ उम्र 30 साल निवासी सिवनी थाना चाम्पा, संतोष देवागन उम्र 46 साल निवासी मोची गली चाम्पा थाना चाम्पा, रामकृष्ण उम्र 37 साल निवासी अफरीद थाना सारागांव,श लौकित कुमार कश्यप उम्र 28 साल निवासी शंकर नगर जांजगीर, तरूण मोहंती उम्र 43 साल निवासी चंदनिया पारा जांजगीर, रूपेश चौहान उम्र 28 साल निवासी चरण नगर थाना चाम्पा, प्रेम लाल उम्र 42 साल निवासी उदयभांठा, खीखराम धीवर उम्र 40 साल निवासी कोसमंदा थाना चाम्पा के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। जिला पुलिस द्वारा ढाबा में सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने एवं पिलाने के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

## खबर संक्षेप



### योग प्राणायाम का दिया गया प्रशिक्षण

**हरदीबाजार।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत भारत सरकार आयुष मंत्रालय एवं संचालनालय के आदेशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोईदा में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.प्रदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन में ब्लाक संयोजक डॉ.जीआर प्रभुता, डॉ.सीमा पाटले एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य बारे में जानकारी सहित दिनचर्या ऋतुचर्या, योग प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। शासकीय औषधालय में बच्चों को भ्रमण कराया और औषधि पौधों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक होरीलाल पाटले, सत्यप्रकाश खांडेकर, उषा बर्मन, श्रीधर सिंह, योगेश नेताम सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### महापौर ने छग अखबार वितरक संघ के टेबल कैलेंडर का किया विमोचन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला कोरबा द्वारा टेबल कैलेंडर का आज महापौर के हाथों विमोचन किया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में तेज सिंह मोटर ड्राइविंग के डायरेक्टर बी.एन.सिंह, चंदेला होटल के संचालक पी.एस. चंदेल तथा वरिष्ठ पत्रकार तपन चक्रवर्ती विमोचन के साक्षी बने। इस अवसर पर महापौर ने कहा छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ आए दिन जनहित में कार्य कर रही है जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की जिला कोरबा इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्यों में विपेंद्र कुमार साहू, लक्ष्मी राठौर, जय कुमार नेताम, रामा, रायसिंह कँवर, राजकुमार पटेल, तापेश्वर राठौर, कृष्ण कुमार निर्मलकर उपस्थित थे।

### प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई करतला के सत्यनारायण अध्यक्ष बने



**मड़वारानी।** ब्लॉक सचिव संघ करतला का गत दिवस चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सत्यनारायण कंवर सचिव संघ का अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष उत्तरा कुमार गुप्ता व दिगम्बर साहू, सचिव रामदयाल पटेल, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह राठिया को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सचिव सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान की जाएगी। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय पर 2 जनवरी 2024 तक प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें।

### प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी है खराब सिटी बसें

# सिटी बस को मेंटनेंस की दरकार, प्रमुख मार्गों पर चल रही 15 में से 9 बसें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरोना के बाद से सिटी बस का संचालन पूर्व की तरह नहीं हो पाया है। परिणाम स्वरुप अभी भी सिटी बस के इंतजार में शहर और उप नगरीय क्षेत्रों के कई प्रमुख मार्ग से आवागमन करने वाले यात्री बैठे हुए हैं। साडा कॉलोनी जमनीपाली प्रतीक्षा बस स्टैंड टर्मिनल में खड़ी खराब सिटी बसों को मेंटनेंस का इंतजार बना हुआ है। फंड नहीं आने से मेंटनेंस नहीं हो सका। वर्तमान में 6 बसें ही संचालित हो रही है।

**खास बात**

- कटघोरा मार्ग में ही चल रही सिटी बस, बालको-रजगामार बंद



प्रतिक्षा बस स्टेंड में खड़ी सिटी बसें।

आम शहरवासियों को महानगरों की तरह सस्ती यात्री बस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिटी बसों का संचालन शुरु किया गया था। प्रतिदिन अपने कामकाज से उपनगरीय क्षेत्रों से शहर एवं ग्रामीण अंचलों से जिला मुख्यालय आने वाले यात्रियों के लिए सिटी बस एक सुलभ और अच्छा साधन हुआ करती थी। शुरुआती दौर में इसका रुझान बहुत अधिक नजर आया। एकाएक कोरोना की वजह से सिटी बसें बीते दो वर्ष तक अपने टर्मिनल में ही खड़ी रही। परिणाम स्वरुप बसों में तकनीकी खराबी आ गई। महामारी के बाद जब सिटी बसों के संचालन की योजना तैयार हुई तब नगर निगम के अर्बन सोसायटी को ट्रांसपोर्टर तलाशना पड़ गया। बड़ी मुश्किल से ही शहर के एक ट्रांसपोर्टर ने इस काम को अपने जिम्मे लिया और खुद के खर्च पर मेंटनेंस कराकर कुछ बसों को चलने लायक बनाया तब कहीं जा कर 12 बस ही रोड पर आ सकी। शेष बसों के लिए परिवहन मुख्यालय से अनुमति की प्रक्रिया पर लंबा समय लग गया। इस दौरान शेष बसें भी तकनीकी खराबी से जूझती रही। मेंटनेंस में ज्यादा खर्च देख ट्रांसपोर्टर ने मेंटनेंस राशि की भी डिमांड रखी। किंतु उक्त राशि भी विभागीय अड़चन की वजह से नहीं मिल सकी और यही कारण है कि चलने लायक सिटी बसें भी धीरे धीरे कंडम होते गई। आज 6 बसें ही संचालित हो रही है। वह भी कटघोरा, गेवरा दीपका और बांकी मार्ग पर बालको और रजगामार जैसे क्षेत्रों में जाने वाली सिटी बस पूरी तरह बंद है।

**मेंटेनेंस की आवश्यकता है**

कुछ सिटी बसों का संचालन कुछ मार्गो में इसलिए नहीं हो पा रहा है कि सिटी बसें खराब हो चुकी हैं, मेंटेनेंस की जरूरत है, इसके लिए फंड की मांग की गई है। कुछ बसों को मेंटेनेंस करके चलाया गया है जो चल रही है। शेष बसों को भी मेंटेनेंस के बाद चलाया जाएगा।

-**प्रफुल्ल तिवारी,** प्रोप्राइटर निजी बस एजेंसी

**वर्ष 2015 में आई थी योजना**

राज्य शासन की ओर से वर्ष 2015 में सिटी बस योजना लाई गई थी। इसके तहत नगर पालिक निगम में सिटी बस के संचालन हेतु अर्बन सोसायटी बनाई गई और उस सोसाइटी के माध्यम से बसों का संचालन शुरु किया गया। कटघोरा के कसनिया तक सिटी बस का संचालन होता था। इसी तरह गेवरा दीपका, बांकीमोंगरा, नकटीखार इंजीनियरिंग कॉलेज, रजगामार और बालको जैसे उप नगरीय क्षेत्रों में बस चलती थी जो सीधे रेलवे स्टेशन तक जाती थी। अब इन मार्गों में बस के पहिए थम गए हैं। बताया जाता है कि 6 साल तक इन्हीं बसों से संचालन करना था इसके बाद नई बसें दी जानी थी परंतु आज तक नई बसें नहीं आ सकी और पुरानी बसों को मरम्मत कर चलाया जा रहा था।

**ई बस संचालन का इंतजार**

केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषित राज्यों में ई बस संचालन की योजना तैयार की गई है। इन राज्यों में छग राज्य भी शामिल है और प्रदेश के प्रदूषित शहरों में कोरबा भी शामिल है। ऐसे में ई बसों का संचालन कोरबा शहर में भी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि अगर प्रदूषित शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना शुरु होती है तो इनमें कोरबा भी शामिल हो सकता है। फिलहाल यह प्रदेश सरकार के निर्णय पर निर्भर करता है कि वह किन शहरों में प्राथमिकता से किन इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन शुरु करेगी।

## दर्जनों सागौन पेड़ों की अवैध कटाई, वन विभाग बेखबर



काटे गए पेड़ के ठूंठ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

चैतमा रेंज के सागौन जंगल में इन दिनों अवैध कटाई का गोरखधंधा जमकर चल रहा है। जहां लकड़ी तस्कर जंगल में घुसकर बड़े पैमाने पर सागौन पेड़ों की बलि ले रहे हैं लेकिन अब तक वन विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। जिससे सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति कितने गंभीर हैं। मामला कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के अंतर्गत आने वाले मानिकपुर बीट के लोटना मोहल्ले की है। यहां वन विभाग द्वारा दशकों पूर्व सागौन का जंगल तैयार किया गया था जो अब पेड़ का रूप ले चुके हैं। जहां पिछले कुछ महीनो से बड़े पैमाने पर तस्कर यहां घूस रहे हैं और सागौन के पेड़ों की बलि ले रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले एक महीने के दौरान जहां दर्जनों सागौन पेड़ों की कटाई हो चुकी है लेकिन वन विभाग के स्थानीय अधिकारी, कर्मचारियों को अब तक इसकी जानकारी नहीं है। जिसके चलते लकड़ी तस्करों के हौसले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं और वे जंगल में घुसकर पेड़ों की बलि ले रहे हैं।

### 8 लीटर महुआ शराब ले जाते ग्रामीण को पकड़ा

**कोरबा।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब बनाने बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में ग्राम छुरी निवासी वीरेंद्र देवांगन द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री किए जाने की सूचना पर आबकारी विभाग के अधिकारियों को मिली थी जिसकी सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने वीरेंद्र देवांगन के ठिकाने पर दबिश दी जहां उसके कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

## गांव के नजदीक जा पहुंचा हाथियों का झुण्ड, दहशत में गुजरी रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल के केदई व पसान रेंज की सीमा पर बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। 31 हाथियों का झुंड बीती रात हरमोर गांव के समीप पहुंच गया और वहां एक ग्रामीण के खलिहान में पहुंचकर वहां रखे धान की खरही को चट कर दिया। पीड़ित ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिए है। बताया जाता है कि उक्त ग्रामीण धान की फसल को काटकर खेत से खलिहान लाया था और खरही बनाकर रखा था। वह धान की मिसाई करने वाला था। इससे पहले ही बीती रात हाथियों ने खरही को चट कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित ग्रामीण को विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया जाएगा। क्षतिपूर्ति राशि कितनी होगी सर्वे रिपोर्ट आने के बाद तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वीकृति दिए जाने पर स्पष्ट होगा। इस बीच हरमोर क्षेत्र में बढ़ी संख्या में हाथियो के सक्रिय होने के बाद वन विभाग सर्तक हो गया। क्षेत्र में हाथियो की निगरानी करने के साथ ही मुनादी करायी जा रही है। वहीं एतमानगर रेंज के गुरसिया क्षेत्र के जंगल में अभी भी हाथियो का झुण्ड विचरण कर रहा है। यह झुण्ड बहरहाल जंगल ही जंगल विचरण कर रहा है। जिसकी वजह से कोई बड़ा नुकसान नही हो रही है।

## एक साल से लटका है तहसील भवन का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछली सरकार के समय ग्रामीण अंचलों में राजस्व सुविधाओं का विस्तार करते हुए जिले के कई क्षेत्रों में तहसील खोले गए थे। जिनमें एक कोरबा विकासखंड के अंतर्गत आने वाला ग्राम अजगरबहार भी शामिल था। जहां तहसील कार्यालय खोला गया और भवन निर्माण के लिए भी प्रक्रिया शुरु की गई। इसके तहत निर्माण सामग्री पहुंचा दी गई। किंतु बाद में पंचायत द्वारा तहसील भवन के निर्माण स्थल को ही बदल दिए जाने भवन निर्माण कार्य अटक गया।

**खास बातें**

- निर्माण सामग्री पहुंचने के बाद पंचायत ने बदला स्थान
- मामला अजगरबहार तहसील कार्यालय भवन का

जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर अजगरबहार के ग्रामीणों को अपने जमीन संबंधी राजस्व व अन्य कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता था। ग्रामीणों की मांग पर पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अजगरबहार क्षेत्र में तहसील की सौगात दी और तहसील कार्यालय भवन के लिए राशि भी स्वीकृत कराई। तहसील की सौगात मिलने के बाद अजगरबहार तहसील में जिला मुख्यालय के तहसीलदार सप्ताह में तीन दिन बैठा करते थे। अजगरबहार में तहसील शुरु होते ही लेमरु क्षेत्र में भी तहसील का लिंक कोर्ट शुरु किए जाने की मांग उठने लगी। जिसपर लेमरु के अजगरबहार से दूरी को देखते हुए सप्ताह में एक दिन लिंक कोर्ट लगाने की घोषणा की गई और अजगरबहार में शुरु होने के तीन महीने बाद सप्ताह में एक दिन लेमरु में तहसीलदार का कोर्ट लगने लगा लेकिन राजस्व रिकार्ड पूरी तरह से अजगरबहार तहसील कार्यालय में भवन नहीं होने के कारण स्थानांतरित नहीं हो सके थे। पंचायत भवन में अस्थायी तौर पर तहसील कार्यालय का संचालन हो रहा है और वहां भी तहसीलदार सप्ताह में अब तीन दिन ही जा पाते हैं। इस समय लेमरु में तहसीलदार का लिंक कोर्ट बंद है। आय जाति निवास प्रमाण पत्र दस्तावेज बनवाने हेतु जिला मुख्यालय ही आना पड़ता है। गांव के निवासी और जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य गुंजलाल राठिया ने बताया कि तहसील भवन का निर्माण गांव से दूर किया जा रहा था जिसकी वजह से पंचायत से आपत्ति आने पर काम रुक गया है ।



निर्माण स्थल पर पड़ी सामग्री।

**तहसील के अंतर्गत आते हैं 15 हल्का**

अजगरबहार तहसील अंतर्गत 15 हल्कों को लाया गया है जो अब तक कोरबा तहसील अंतर्गत आते थे। जिन हल्को को अजगरबहार तहसील अंतर्गत लाया गया है उनमें जामबहार, माखुरपानी अजगरबहार, सतरेंगा, चुईया, सोनुपरी आदि हल्के शामिल हैं। यहां के ग्रामीणों को तहसील कार्यालय प्रारंभ होने से एक बड़ी सौगात मिली है। ग्रामीणों के स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे कार्य होने लगे हैं।

## हाईड्रा की टक्कर से युवक की मौत, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 40 वर्षीय ग्रामीण बस स्टैंड से अपने घर जा रहा था कि इसी दौरान एक तेज रफ्तार हाइड्रा के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और सड़क पर उतर आए और विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। जहां प्रशासन और पुलिस की टीम को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची जहां घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों की समझाइश दी गई और मुआवजा व राहत राशि प्रदान की गई तब जाकर लगभग 3 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह बस स्टैंड की है। यहां निवासरत बहुरन सिंह 40 वर्ष पिता उमेंद्र सिंह लगभग 12 बजे बस स्टैंड से सड़क मार्ग से अपने घर ढेलवाडीह जा रहा था कि इसी दौरान एक हाइड्रा के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बहुरन सिंह को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही उसकी मौत की खबर गांव तक पहुंची बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और मुआवजा सहित अन्य मांग को लेकर ढेलवाडीह बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया गया। चक्काजाम की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी तेजराम यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर डटे रहे।

### पंजाब एंड सिंध बैंक का ताला तोड़कर कंप्यूटर सहित सामान ले उड़े चोर

**कोरबा।** शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरों के हौसले लगातार और बुलंद होते जा रहे हैं। जहां चोरों ने चैतमा में संचालित पंजाब एंड सिंध बैंक का ताला तोड़कर वहां रखे कंप्यूटर सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। शाखा प्रबंधक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिस तरह से चोरों ने बैंक को अपना निशाना बनाया है इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों के हौसले किस कदर बुलंद है। मामला चैतमा चौकी क्षेत्र की है। एमपी नगर निवासी संतोष एक्का पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा कांजीपानी में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। 17 दिसंबर की शाम 5 बजे बैंक लालाराम महांनद बैंक से ताला लगाकर चाबी अपने पास रखा था जो कांजी पानी में ही रहता है। 18 दिसंबर को बैंक का ताला टूटा हुआ होने की जानकारी गांव के लोगों द्वारा बताने पर घटनास्थल पहुंचकर फोन कर बताने पर संतोष एक्का कोरबा से कांजीपानी पंजाब एंड सिंध बैंक जाकर देखा तो बैंक का चैनल गेट ताला तथा बैंक के अंदर का शटर का ताला एवं सेंटर लाक तोड कर कोई अज्ञात आरोपी बैंक के अंदर घुसकर एक नग कम्प्युटर व कुछ दस्तोवज चोरी कर ले गए ।

## स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों में करें निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों का शीघ्र समाधान करें। यह प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए।

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व की तैयारियां आवश्यक रूप से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान भारत सरकार की महत्वपूर्ण 17 योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों के द्वारा उचित मॉनिटरिंग की जाए। यात्रा के दौरान हितग्राहियों की जानकारी संबंधी डाटा एंट्री सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय को निर्देशित किया कि पूर्व में बनाए गए अटल चौक, अटल स्तंभ स्थल पर 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

**न्यायालय तहसीलदार सक्ती**
**तहसील सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
**/ / ईश्तहार / /**

क्रमांक 811/ वाचक / 2023
सक्ती दिनांक 08/12/2023

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सोठी प.ह.न.21 तहसील सक्ती जिला सक्ती को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार देवांगन पिता श्री मोतीलाल देवांगन निवासी सक्ती तहसील व जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा उनके नाम पर ग्राम सोठी तहसील सक्ती जिला सक्ती में स्थित खसरा नंबर 92 / 12 शामिल 93 / 12 रकबा 0.020 हेक्टर / 0.05 एकड भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण के लिए आवेदन दिया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का व्यवसायिक कार्य हेतु व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति एतराज हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 26/12/2023 तक स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्सम से पेश कर सकते है बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**सक्ती जिला -सक्ती (छ.ग.)**

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

20 Dec-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 12/20/2023 7:23 PM Page 1






# ‘हनुमान’ का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर आउट

**मुंबई।** तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म ‘हनुमान’ का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है। ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं। इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है।

लाइफ Style

# कृति

## शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने अपनी प्रोड्यूस की हुई फिल्म ‘दो पत्ती’ की शूटिंग पूरी कर ली है। ‘दो पत्ती’ का रैप-अप हो चुका है। कृति ने जश्न मानते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्ट्रेस ने वीडियो और फोटोज शेयर की है।

कृति इस फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। ‘आदिपुरुष’ एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटोज शेयर की है, जिसमें काजोल, कनिका ढिल्लों, कृति सेनन और फिल्म डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा, और यह एक रैप-अप है! दो पत्ती की रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई है, 2024 में, केवल नेटफ्लिक्स पर। बता दें, कृति सेनन को फिल्मी पर्दे पर 9 साल का वक्त बीत चुका है। एक्ट्रेस पर्दे पर हीरोइन के तौर में काम किया है और अब प्रोड्यूसर के तौर पर भी अपना करियर शुरू करने जा रही है। फिल्म ‘दो पत्ती’ की कृति सेनन प्रोड्यूसर है। ये फिल्म कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई में बनी है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा, हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा भी होती है। दो पत्ती में मेरा दिल, आत्मा, दिमाग, प्यार, आंसू, सपने और बहुत कुछ है एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म और मैं ‘ हमने इस रचनात्मक यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह जानकर मेरा दिल बैठ गया कि यह यात्रा समाप्त हो गई है, मैं खूबसूरत यादों और उससे भी ज्यादा खूबसूरत लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इसे इतना खास बना दिया।



हॉलीवुड मसाला



# फुटबॉल मैच देखने निकलीं किम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को अक्सर अपनी बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया। हाल ही में किम को अपनी पांच साल की बेटी शिकागो और आठ साल के बेटे सेंट के साथ लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया। किम बच्चों के साथ बास्केटबॉल गेम्स के लिए जा रही थीं। लुक की बात करें तो किम रेड फलालैन शर्ट और कार्गो पैंट में स्टाइलिश दिखीं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स किम के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्त्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित ‘ब्लू 52’ से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने जा रही है इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल. अरबी ने कहा, ब्लू 52 का निर्माण मिस्त्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है।



# दिलजीत का ‘बंदा’ गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म डंकी के निर्माताओं ने नया गाना बंदा है, पेश किया है। ‘बंदा’ नाम का ये गाना एक जोशीला ट्रैक है, जो फैंस और ऑडियंस को फिल्म में शाहरुख खान के किरदार हार्डी से रूबरू कराता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है जबकि गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं और संगीत प्रीतम ने दिया है। शाहरुख खान का इंट्रोडक्शन सॉन्ग निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट लेकर आएगा। डंकी में अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।



# दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। केंडल को बीती रात दोस्तों के साथ कोलोराडो में डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको खूब इंप्रेस करती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करेंतो इस दौरान केंडल चॉकलेट ब्राउन और ब्लैक बेल्ट वाला फर कोट पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने ब्लैक ट्रांसपेरेंट स्टॉकिंग्स और ब्लैक बेली से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है।

टीवी मसाला

# शादी के बंधन में बधेंगी श्रेनु रचाई दूल्हे के नाम की मेहंदी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और डांसर मुक्ति मोहन के बाद अब एक और एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने जा रही है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख की। हाल ही में एक्ट्रेस की मेहंदी सेरेमनी हुई है, जिसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की है। श्रेनु पारिख जल्द अपने ब्वॉयफ्रेंड अक्षय म्हात्रे संग शादी करने जा रही है। शादी से पहले एक्ट्रेस की प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हुई है। अदाकारा की मेहंदी सेरेमनी हुई। इस मौके पर श्रेनु ग्रीन कलर का लहंगा पहना, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे की मुलाकात साल 2021 में ‘घर एक मंदिर’ के सेट पर हुई और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। इस कपल ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा।



# 2023 में इन फिल्मों को सिनेमाघरों में नहीं मिले दर्शक, लेकिन ओटीटी पर रही टॉप ट्रेंड

*मुंबई। वैसे तो साल 2023 बॉलीवुड के लिहाज से काफी अच्छा रहा। इस साल बॉलीवुड की कई सारी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के साथ हंगामा मचाया। वहीं, कुछ बड़ी फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें सिनेमाघरों में तो पसंद नहीं किया गया और फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही। वहीं, जब इन फ्लॉप फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया गया तो ये टॉप ट्रेंड करने लगी। हम आपको साल 2023 की उन्हीं फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।*

### किसी का भाई किसी की जान




सलमान खान की यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तो इसे बिलकुल भी पसंद नहीं किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर यह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन जैसे ही इसे ओटीटी पर लाया गया यह फिल्म ओटीटी पर टॉप ट्रेंड करने लगी थी।

### मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू




अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था और रिलीज के साथ ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह टॉप ट्रेंड करने लगी थी। यह एक आपदा थ्रिलर फिल्म है, जो टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

### गुमराह

यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज फिल्म्स और मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय के साथ आदित्य रॉय कपूर दोहरी भूमिका में हैं। यह 2019 की तमिल फिल्म थडम की रीमेक है. यह बॉक्स ऑफिस पर तो फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह छा गई थी।

### शहजादा

रोहित धवन द्वारा निर्देशित यह एक कॉमेडी एक्शन फिल्म है, जो सिनेमाघरों में तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन ओटीटी पर रिलीज होते ही टॉप ट्रेंड करने लगी थी। इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने इस फिल्म के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत भी किया। वहीं, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला और रोनित रॉय मुख्य भूमिकाओं में थे।

### कुत्ते

यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे आसमान भारद्वाज ने लिखा और निर्देशित किया। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में तो नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का प्यार हासिल हुआ था।

# पहली बार लीड रोल में नजर आएंगी नोरा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही पहली बार पर्दे पर मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब एक्ट्रेस को बतौर लीड पहली फिल्म मिल गई है। नोरा फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। नोरा की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो चुकी है।



## डंकी के लिए बुक हुए 70 प्रतिशत मल्टीप्लेक्स




**मुंबई।** शाहरुख खान ‘डंकी’ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल रिलीज से पहले ही ‘डंकी’ का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ फिल्म की धुंआधार एडवांस बुकिंग भी हो रही है। डंकी की एडवांस बुकिंग के चलते देशभर के 70 फीसदी मल्टीप्लेक्स पहले दिन के लिए हाउसफुल हो गए हैं।

## हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर ‘क्रैक’ का टीजर आया सामने



**मुंबई।** रोलर-ब्लेडिंग से लेकर स्काइडाइविंग, स्कीइंग और कार-चेजिंग तक विद्युत जामवाल की लेटेस्ट फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा का टीजर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को टीजर जारी किया, जिसमें फिल्म की पेशकश के बारे में जानकारी दी गई। एक मिनट लंबे टीजर की शुरुआत विद्युत और अर्जुन के स्काइडाइविंग से होती है।

## दीपिका ओटीटी पर फिर दिखाएंगी जलवा



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है कि एक बार फिर ओटीटी पर नजर आएंगी। यह ओटीटी प्रोजेक्ट ड्रग माफिया कल्चर पर आधारित होने वाला है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और नेटफ्लिक्स के बीच ड्रग्स माफिया संस्कृति पर आधारित एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।

20 DEC-JANJ Bhoomi PG-4_Layout 1 12/20/2023 10:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### कीर्तन भवन में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन

**अकलतरा।** कीर्तन भवन में राधा कृष्ण महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन किया गया ।भक्त और भगवान के संबंध के कथा की अविरल धारा तीन दिनों तक बहती रही ।नरसी मेहता की भक्ती त्याग समर्पण और भगवान श्रीकृष्ण के भक्त के लिए दौड़े चले आने की कथा श्रीमति सुमन मनक्स्या द्वारा अत्यंत भावपूर्ण वाणी में प्रस्तुत की गयी ।मार्मिक चित्रण से एकाकार होकर श्रोतागण अपने आँसू नहीं रोक पाये और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नानी बाई का मायरा₹ गुजरात के परम भक्त नरसी मेहता के जीवन की सत्य घटना है। नरसी मेहता की पुत्री बहुत बड़े घराने में ब्याही गयी थी और उसकी पुत्री का विवाह था , विवाह में मायके से बहुत से उपहार देने की भात की परंपरा होती है। भगत राज के पास ढोल मंजीरा और भजन के सिवा कुछ था नहीं सो सारा भार श्रीकृष्ण पर सौंप दिया और श्रीकृष्ण ने भाई बनकर सारे रिति रिवाज पूरे किये। कथा श्रवण के लिए श्रीमति द्रौपदी केडिया, श्रीमति संतोष अग्रवाल, श्रीमति कुसुम केडिया, श्रीमति शीलु अग्रवाल, श्रीमति रजनी केडिया, श्रीमति निर्मला केडिया, श्रीमति भामा खण्डेलिया, श्रीमति दीप्ति केडिया, श्रीमति ऐश्वर्या केडिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 24, 25 एवं 26 को

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सूर्यांश विद्यापीठ सूर्यांश प्रांगण-सिवनी नैला में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सूर्यांश महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस 23 दिसंबर को मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 24 दिसंबर को महा महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ के पश्चात कैरियर मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 24 दिसंबर को शाम आठ बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। तृतीय दिवस 25 दिसंबर को जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के द्वारा कैरियर मार्गदर्शन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें महामहोत्सव स्थल पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दो श्रेणियों में किया गया है जिसमें कनिष्ठ श्रेणी में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी एवं स्नातक स्तर के प्रतिभागी सहभागिता करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

### अलंकरण पुरस्कार से बम्हनीडीह के 6 शिक्षकों को नवाजा गया



**चांपा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार के तहत बुधवार को स्वामी आत्मनन्द इंग्लिश स्कूल जांजगीर में बम्हनीडीह के 6 शिक्षकों को पुरस्कार से नवाजा गया। अपर कलेक्टर लवीना पाण्डेय , डीईओ भारती वर्मा एवं बीईओ एम डी दीवान के हाथों सभी शिक्षको को पुरस्कृत किया गया । अतिथियों ने सभी शिक्षकों के कार्यो की सराहना की और सबसे शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देकर निरंतर कार्य करने को कहा। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार के तहत पूर्व माध्यमिक शाला कंवरपारा सोंठी के शिक्षक एलबी सुशील शर्मा को ज्ञानदीप पुरस्कार , शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी के सहायक शिक्षक एलबी ममता जायसवाल को शिक्षादूत , शासकीय प्राथमिक शाला गिधौरी के प्रधान पाठक को शिक्षादूत , शासकीय प्राथमिक शाला देवरानी के अमृत पटेल को शिक्षादूत पुरस्कर से नवाजा गया है। इसी तरह उत्कृष्ट प्रधान पाठक पुरस्कार के तहत शासकीय प्राथमिक शाला हर्राभाठा के इंदु पटेल एवं पूर्व माध्यमिक शाला भोजपुर चांपा के नीरा प्रधान को पुरस्कृत किया गया है ।

### पीजी कालेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

**चांपा।** शासकीय एम एमआर पीजी महाविद्यालय चांपा का राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन 18 दिसंबर को रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती द्रौपदी कोमल केवट थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जे के दीवान, एस के सूर्यवंशी, डॉ महेंद्र साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर एम के राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा पुरुष स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाये। एस के सूर्यवंशी ने कहा कि आज गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर हमें उनके विचारों को मनखे मनखे एक समान के आदर्शों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डा डी एन बंजारे ने पंथी नृत्य करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। अंत में प्रो विवेक जायसवाल ने धन्यवाद दिया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

# कलेक्टर ने फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। फसल बीमा रथ जिले के सभी विकासखंडों में भ्रमण कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर वर्ष 2023-24 रबी मौसम के लिए जिले के समस्त विकासखण्डों में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यानिकी फसलों में रबी मौसम के लिए उद्यानिकी फसल-टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल को अधिसूचित किया गया है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते है। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा,



प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती कलेक्टर ऋचा प्रकाश।

बीमारी अनुकुल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। बीमा आवेदन की अंतिम तिथि रबी मौसम के लिए 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय-सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा ऑनलाईन के माध्यम से किसान करवा सकते है। टमाटर फसल की बीमा राशि 1 लाख 20 हजार रूपए है जिसमें किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि 06 हजार होगी उसी प्रकार बैगन की बीमा राशि 77 हजार दी जाएगी।

### प्रभारी कलेक्टर एवं भाजपा नेत्री और जिलाध्यक्ष के द्वारा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सक्ती।** विकसित भारत विकास संकल्प यात्रा को प्रभारी कलेक्टर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष व भाजपा नेत्री संयोगिता सिह जूदेव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बुधवार 20 दिसंबर को विकसित भारत विकास संकल्प यात्रा को प्रभारी कलेक्टर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष व भाजपा नेत्री संयोगिता सिह जूदेव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं संयोगिता सिंह जूदेव और भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णाकांत चंद्रा के द्वारा विकसित भारत विकास संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो विकासखंड डभरा के ग्राम सिंघीताराई पहुंची। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा विकसित भारत संकल्प यात्रा सह संयोजक रामनरेश यादव, संजय राम चन्द्र, अनूप अग्रवाल, भूपेंद्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम, नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज, आदिम जाति कल्याण विभाग के संजय सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और आधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



पचार रथ को रवाना करते अधिकारी कर्मचारी।

# अग्निवीर सेना भर्ती में शामिल हुए 5 हजार युवा



दौड़ लगाते युवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अग्निवीर भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के युवा शामिल हो रहे है। इनमें 5 हजार 558 युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश के युवा भी भर्ती रैली में शामिल होने पहुंच रहे है।

**खास बात**

- राज्य के 33 जिलों के आठवीं, दसवीं पास युवा हुए शामिल

गौरतलब है कि सेना भर्ती की दौड़ का 20 दिसंबर को छठे दिन को छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के युवाओं ने ट्रेड्समैन ट्रेड (आठवीं पास और दसवीं पास), तकनीकी ट्रेड और क्लर्क ट्रेड में शामिल हुए। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमें से 231 युवाओं ने दौड़ पास की। अग्निवीर सेना भर्ती में अब तक कुल 5,558 उम्मीद्वारों ने अपनी उपस्थिति दी और 2 हजार 001 उम्मीद्वारों ने दौड़ पास की है। दौड़ पास उम्मीदवार शा री रि क प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया में शामिल हो रहें है। सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि हवलदार सर्वेक्षक स्वलेखक की भर्ती प्रक्रिया 22 दिसंबर को होनी है। इसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के युवा शामिल होंगे।

## रेनखोल में ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक में महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

दो जिले के ग्रामीण चिकित्सकों की जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने रेनखोल में बैठक लिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कों मुलाक़ात कर ग्रामीण चिकित्सकों का प्रशिक्षण, प्राथमिकता उपचार करने की अनुमति, डॉट्स वर्कर के रूप चिन्हित करने, टीकाकरण तथा अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमो में ग्रामीण चिकित्सकों का भागीदारी सुनिश्चित करने समेत अन्य मांगो कों लेकर ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामदयाल यादव, कैलाश बरेठ, भंजय गबेल, मुकेश सागर, हीरालाल हंसराज, बिनोद प्रधान, लोमस यादव, धर्मेंद्र पटेल, अजय पटेल, रवि पटेल, राकेश मन्नेवार, राकेश बरेठ, रामेश्वर पटेल, केशव करियारे, हेमीन प्रधान, मेवालाल देवांगन, भार्गव, बी डी महंत, चंदर कुमार, दिलीप राठौर, उदयशंकर देवांगन, क्रांति कुमार, रामधन कश्यप, विजय साहू, टीकाराम साहू उपस्थित थे।



### स्थायी दिव्यांगता के सहायता राशि पर दावा आपत्ति 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख प्रदाय किया जाना है। पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु दावा आपत्ति 29 फरवरी तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

## सांई नाथ मंदिर का 15 वें स्थापना दिवस पर निकली पालकी यात्रा

**चांपा।** श्रीसांई सेवा समिति हटरी बाजार के तत्वाधान में श्रीसांई नाथ मंदिर का 15 वां स्थापना दिवस मंगलवार 19 दिसम्बर तथा बुधवार 20 दिसम्बर को मनाया गया। मंगलवार को नगर में श्रीसांई बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई तथा बुधवार को दोपहर 12:30 बजे से श्रीसांई नाथ प्रभु की महाआरती के बाद लोगो के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया।

हटरी बाजार स्थित श्रीसांई मंदिर का दो दिवसीय 15 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मंगलवार 19 दिसम्बर को पालकी यात्रा निकाली गई। यह पालकी यात्रा डोंगाघाट चौक, राधाकृष्ण मंदिर चौक, सदर बाजार, कदंब चौक, थाना चौक, डाकघर, मोदी चौक, बजरंग छबिगृह होते हुए सायं 7:30 बजे पुनः मंदिर पहुंची। इसके बाद पुनः श्रीसांई बाबा की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। पालकी यात्रा में अनिल खेतान, नरेन्द्र ताम्रकार, उदयराम शर्मा, राजाबाबू देवांगन, रामकुमार देवांगन, दुर्गा पटेल, संतोष श्रीवास, राजेश गुप्ता, राकेश थावानी, भवानी गुप्ता तथा गोपाल ताम्रकार सहित अनेक श्रद्धालु शामिल थे। दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के दूसरे और अंतिम 20 दिसम्बर को सवालाख बाती से श्रीसांई प्रभु की महाआरती की गई। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से मंदिर परिसर में सार्वजनिक भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। अपरान्ह 4 बजे तक चले भंडारा प्रसाद में करीब चार हजार श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।



श्रीसांई नाथ की महाआरती करते सदस्यगण

## कथा श्रवण से कलयुग के दोषों और पाप का होता है नाश : चतुर्वेदी

**तनौद।** ग्राम तनौद में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य पूजा एवं ग्राम देवताओं का आवाहन किया गया। कथा स्थल पर विशाल एवं भव्य कथा पंडाल में आचार्य के द्वारा मंगलाचरण एवं स्वस्तिवाचन सहित वेद मन्त्रों के साथ देवों का आवाहन एवं प्रतिष्ठा संपन्न कराया गया।

- **तनौद में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालु**

सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन व्यास पीठ से भागवत आचार्य नागेन्द्र चतुर्वेदी भैसमुडी जांजगीर ने बताया गया कि श्रीमद् भागवत महापुराण साक्षात भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी का वांग्मय स्वरूप है। इस महापुराण की कथा का श्रवण से कलयुग के दोषों और पाप का नाश होता है। भागवत की कथा में अपने अस्तित्व से मिलने की एक नियति छिपी हुई है, जैसे किसी बीज के अंदर अंकुरण छिपा रहता है। भागवत की नियति ब्रह्म होना है, अर्थात जीव को शिव बनना है।यही भागवत की कथा परम चेतना को जागृत करने वाली दिव्य तरंग भी है। भयानक प्रेत योनि में पड़ा हुआ धुंधकारी सद्गति और परमधाम को प्राप्त किया था। राजा परीक्षित ने इसी सत्कर्म को सद्गति और मोक्ष प्राप्ति के लिए धरती में पहली बार किया था, उन्हें परमधाम की प्राप्ति हुई थी। भागवत रूपी सत्कर्म किसी मनुष्य के अनेक जन्मों के पुण्य उदय होने पर भाग्यवश प्राप्त होता है यह केवल पुरुषार्थ का विषय नहीं है। श्रीमद् भागवत देव दुर्लभ भी है। इसीलिए जब राजा परीक्षित को शुकदेव जी महाराज कथा सुना रहे थे तब देवताओं ने निवेदन किया था की हमें कथा अमृत प्रदान करे। शुकदेव जी महाराज ने देवताओं के इस लेन-देन अर्थात विनिमय को देखकर देवताओं को भागवत कथा अमृत का अपात्र माना, तब से देवताओं के मन में भागवत कथा अमृत को प्राप्त करने की बड़ी लालसा बनी रहती है, और सभी देवता उन मनुष्यों के भाग्य की प्रशंसा करते हैं जो भागवत कथा का आयोजन भाग्यवश करते हैं। कलश यात्रा के साथ कथा श्रवण करने सतीश, यशोधरा, कमलेश, सुनीता, मनोज, दीपिका कौशल्या बाई सपरिवार श्रीमद् भागवत कथा श्रवण किया जा रहा है।



कथा श्रवण कराते आचार्य।

## अन्नपूर्णा मंदिर में श्रद्धालुओ ने किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

अन्नपूर्णा मंदिर में तीन दिवसीय मनोकामना ज्योति प्रज्वलित एवं भंडारा का आयोजन किया गया था। जहां भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

पामगढ़ के सिंचाई कॉलोनी परिसर में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक तीन दिवसीय मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। जिसमें भंडारा का भी आयोजन रखा गया था। तीन दिवसीय इस आयोजन में 31 घृत ज्योति एवं 132 तेल ज्योति भक्तों द्वारा प्रज्वलित की गई। भजन कीर्तन का आयोजन पूरे तीन दिवस तक चला। पूर्णाहुति एवं कन्याभोज के साथ पंडित संतोष कुमार तिवारी द्वारा समापन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में शिवकुमार श्रीवास, प्रवीण श्रीवास्तव, राजाराम श्रीवास, ओसराम धीवर, रूपचंद कश्यप महिला समिति के श्रीमती बड़ीबाई देवांगन, सहोदरी श्रीवास, गंगोत्री साहू, श्रीमती सत्यभामा श्रीवास, कमलेश्वरी धीवर, श्रीमती विमला साहू, श्रीमती अनीता साहू,श्रीमती इंदु डांडिया, श्रीमती कमलेश श्रीवास्तव, गायत्री कंवर,श्रीमती मनोरमा तिवारी,दिनेश थवाईत, विनोद यादव,राजेश भारद्वाज, देवलहरे, हरिचंद श्रीवास, टोनी बाबू सहित नगर वासी शामिल हुए।



भंडारा में प्रसाद करते श्रद्धालु।

### लायंस डिस्ट्रिक्ट के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा सम्पन्न

# सामाजिक जरूरत के अनुरूप करें सेवा कार्य: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

विगत शनिवार 16 दिसम्बर को लायंस के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल की स्थानीय लायंस क्लब की अधिकारिक यात्रा पर लायंस भवन में सायं 7 बजे से एक समारोह का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेश अग्रवाल स्कूल भवन के पीछे नवनिर्मित बालोद्यान का भी विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया।

समारोह में मंच पर मुख्य अतिथि लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. व्ही.के. अग्रवाल सहित डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी दयानंद अवस्थी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल सहित समारोह की अध्यक्षता कर रहे लायंस क्लब के अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन को प्रारंभ में मंचासीन किया गया। लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक लायन मेल्विन जोंस के छायाचित्र तथा विद्या की देवी माता सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। बजरंग अग्रवाल द्वारा ध्वज वंदना किया गया। विशिष्ट अतिथि व्ही.के. अग्रवाल ने कहा कि उनका क्लब सेवा कार्य संपादित करने में ज्यादा ध्यान देता है तथा उन कार्यो की डिस्ट्रिक्ट को रिपोर्टिंग उससे भी कम करता है। डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी दयानंद अवस्थी ने कहा कि लायंस स्कूल से शिक्षित होकर आने वाले बच्चे भविष्य में लायनवाद को आगे बढ़ाने का कार्य कर सके। द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल ने कहा कि समूची डिस्ट्रिक्ट में लायंस क्लब चांपा की अपने सेवा कार्यो से अलग पहचान है। श्री अग्रवाल ने पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही.के.अग्रवाल को मल्टीपल की पिन भेंट की। संचालन बजरंग अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. के.पी.राठौर, उत्तम प्रकाश देवांगन, सुरेश अग्रवाल, गिरधारी लाल अग्रवाल, शैलेश बाजोरिया, किशन शर्मा, डॉ. व्ही.एन. बिरथरे, बैजनाथ देवांगन, विनोद अग्रवाल तथा वासुदेव देवांगन सहित अनेक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



समारोह में मंचस्थ अतिथिगण

